कमलकांत शर्मा का किया सम्मान

भरतपुर (निस)। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान देने के लिए, सेवानिवृत्ति के अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी कमलकांत शर्मा का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से इनकी पत्नी का भी सम्मान किया गया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर कौशलेश शर्मा ने बताया कि कमलकांत शर्मा ईमानदार एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी हैं समाज के क्षेत्र में आपकी सेवाऐं समर्पित एवं मददगार रही हैं। आप अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योग्यता रखते हैं। कार्यक्रम में कमलकांत शर्मा ने उपस्थित शुभचिंतकों को समाज सेवा के क्षेत्र में इसी तरह योगदान देते रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, सरपंच हरस्वरूप शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष ताराचंद चिचाना, वरिष्ठ समाजसेवी हजारीलाल शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, मनु मुद्गल सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने डीग में अपने निवास पर जनसुनवाई की

डीग भरतपुर (निस)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शनिवार को डीग में नगर रोड स्थित अपने निवास पर जनसुनवाई की। जवाहर बेढम जब से डीग में है वे नियमित रूप से आमजन की समस्याएं सुन कर अधिकारियों को त्वरित आवश्यक कार्रवाई कर राहत प्रदान करने के निर्देश दे रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में अंत्योदय एवं सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि आमजन के कार्य नियत समय पर हो इसके लिए उनके द्वारा राज्य में निरंतर जनसुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करके पात्र व्यक्तियों को राहत प्रदान की जा रही है।

राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से निरंतर संवाद करते हुए जन हितैषी कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपादित करें। सभी अधिकारी अपने विभागीय कार्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग एवं औचक निरीक्षण करें।



गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शनिवार को डीग में नगर रोड स्थित अपने निवास पर जनसुनवाई की।

उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ राजकीय कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने नगर, सीकरी, कामां, पहाड़ी, डीग सहित विभिन्न स्थानों से आए हुए परिवादियों को सुना और विश्वास दिलाया कि समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से किया जाएगा। जनसुनवाई में शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य संबंधित समस्याओं पर सुनवाई की गई।

इस दौरान उन्होने राज्य सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत हर माह ग्राम पंचायत, उपखंड एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। महीने के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तर, द्वितीय गुरुवार को उपखंड स्तर तथा तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाती हैं।

उन्होंने सभी आमजन से अनुरोध किया कि वे प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जनसुनवाई में भी जाकर अपनी समस्याओं का निराकरण करवा सकते है।

सदस्यता अभियान की बैठक हुई

करौली (नि.स.)। भाजपा करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे मुख्य वक्ता सदस्यता अभियान के मंडल के प्रवासी गोविंद लांगरा, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला एवं विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी रहे। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि बैठक में शहर मंडल पर अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। प्रत्येक बूथ पर 200 से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य बैठक में तय किया गया। सभी मंडल पदाधिकारी ने अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने की बात कही। इस दौरान मंडल महामंत्री आशीष जैन,तेजेंद्र सिंह जादौन,नितेश महावर, मंडल उपाध्यक्ष विक्की गुरु, पंकज अठावाल,मुकेश कुशवाहा, तरुण शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा करौली जिला संयोजक महिला मोर्चा विद्या वैष्णव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के महापर्व सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर,महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी एव प्रदेश निर्देशानुसार सदस्यता अभियान और भी तेज गति से चल रहा है। इसी क्रम में महिला मोर्चा जिला संयोजक विद्या वैष्णव ने अपनी टीम के साथ घर घर जाकर बीजेपी की ।

सार-समाचार

रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छता रैली निकालते छात्र अध्यापिका व अध्यापक।

गंगापुर सिटी । भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के द्वारा स्वच्छता रैली निकलकर नंबर दो विद्यालय के सामने शनिवार को स्वच्छता की अलख पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड नाटक में महाविद्यालय के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने भाग लिया। नाटक के माध्यम से छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने स्वच्छता अभियान पर लोगों को जागरुक करते हुए सफाई की अलख जगाई। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई नंबर दो विद्यालय के सामने पहुंची जहां महाविद्यालय के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने नुक्कड नाटक के द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में अलख जगाते हुए सफाई का महत्व बतलाया। इस नुक्कड नाटक का आयोजन प्रवक्ता सुश्री मोना मथुरिया के निर्देशन में हुआ। इस दौरान प्रशिक्षनार्थी अभिषेक सैनी, विजय कुमार, वसिम खान, काजल मीना, तन्नु माहवर, विशाखा माहवर, प्रीती, विष्णु, मनीषा, हिमांशु आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ गोविंद प्रसाद शर्मा, श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव, नवदीप शर्माए श्री गोपाल मुद्गलए श्री विजय राज त्रिवेदीए श्री मुकेश शर्माए श्रीमती आरती शर्माए श्रीमती पूजा शर्माए डॉण् मनीषा शर्माए श्री विपिन बिहारी शर्माए श्री सुमित कुमार दुबे एवं श्री रमेश गुप्ता सहित कई प्रवक्ता उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण किया

भरतपुर (निस)। अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय भरतपुर के द्वारा स्वच्छता ही सेवा हैं अभियान के तहत एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत संत कृपाल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, भरतपुर में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम मे सर्वप्रथम संत कृपाल स्कूल के निदेशक प्रमोद सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार को पौधा देकर स्वागत किया गया एवं स्कूल कार्यालय प्रबंधन द्वारा विशिष्ट अतिथियों को नैशनल कैडेट कोर केण्डीडेटस द्वारा एस्कार्ट कराया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार एवं भजन लाल मीना ने स्कूल निदेशक प्रमोद सिंह को पौधा देकर स्वागत किया गया तथा पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के द्वारा स्कूल की प्रिसिपल राजुल चतुर्वेदी को पौधा देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार मण्डल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक, भरतपुर के द्वारा आम एवं ऑवला के पौधे लगाए गए तथा उनके द्वारा बच्चों को वृक्षारोपण के फायदे के बारे में बताया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत बच्चों एवं समस्त स्कूल स्टाफ के साथ स्कूल परिसर का सफाई किया गया। स्कूल निदेशक प्रमोद सिंह एवं प्रिसिपल राजुल चतुर्वेदी के द्वारा इस कार्यक्रम को काफी सराहा गया तथा उनके द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि भविष्य में भी पंजाब नैशनल बैंक हमारे स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम करते रहे इस कार्यक्रम से बच्चों एवं स्कूल स्टाफ का भी मनोवल बढता है। इस कार्यक्रम में मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार, भजन लाल मीना वरिष्ठ प्रबंधक, उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पीएनबी आरसेटी निदेशक, दिनेश कुमार, मान सिंह मीना, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब के 2 अक्टूबर से प्रारंभ सेवा सप्ताह अनमोल खुशियों के चतुर्थ दिन राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोपालगढ़ भरतपुर में लायंस क्लब भरतपुर ब्रज द्वारा विशाल नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष सतीश मित्तल ने बताया कि मां सरस्वती को माल्यार्पण के उपरांत अतिथि सहायक प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन राम कुमार गुप्ता एवं स्कूल उपप्राचार्य सुरेंद्र सिंह का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक लायन राकेश मित्तल, लायन जितेंद्र गोयल, लायन शरद गुप्ता एवं लायन के के अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज अग्रवाल तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नितिन गुप्ता ने सेवाएं दी एवं 195 बच्चों का परीक्षण किया एवं दबाएं वितरित की। कार्यक्रम में लायन योगेश गोयल, लायन संजय गोयल, लायन विनीत सिंह, लायन मुनेश गुप्ता, राकेश सिंघल, लायन ओम प्रकाश गुप्ता, लायन गौरव फौजदार एवं लायन ओ पी सिंघल उपस्थित रहे।

15 दिव्यांग जन को सहायता उपलब्ध कराई

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब भरतपुर डायमंड द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत 5 अक्टूबर को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति कृष्णा नगर में 15 दिव्यांग जन को सहायता उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम संयोजक मोहन माहेश्वरी एवं ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि समारोह मे दिव्यांग नंदू को एक ट्राइसाइकिल, नेहा को एक हाथ, 5 पैर मुकेश अजान, शैलेश शर्मा, भुवनेश चौधरी, सुरेश, कुशमा देवी को तथा 3 वैशाखी पूरन सिंह, बबिता, खजान सिंह को, 2 केलीपर अमर सिंह, भानु को, 3 कान की मशीन, राजेन्द्र सिंह, रुक्मणि गुप्ता, मंगतू राम को दी गई। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष दीपिका मेहता एवं सचिव विनोद सिंघल ने क्लब द्वारा दिव्यांग जन के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डा राकेश सोलंकी एवं सुभाष अग्रवाल जयंती बालो ने एक एक ट्राइसाइकिल देने की तथा सूरज आलू बालों ने तथा धनेश सिंघल ने एक एक पैर देने की घोषणा की। क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार ने बताया कि क्लब द्वारा विगत 20 वर्षों से इस तरह के सहायता कार्यक्रम कर रहा है। सेवा सप्ताह संयोजक हरिओम बंसल ने बताया कि सुबह 6 बिहारी मंदिर किला में निशुल्क डाइबिटीज चौकअप कैंप का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सचिव उपेन्द्र, जेडसी जनक बाबू शर्मा, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंघल, शंकर गुप्ता, दीपक धुवालिया, रमेश गर्ग, पंकज बंसल, ओमप्रकाश गुप्ता एडवोकेट, मोहन शर्मा, सुभाष अग्रवाल, विष्णु गोयल, पुष्पेंद्र गोयल के अलावा क्लब के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संचालन कपिल गुप्ता ने किया।

15 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

भरतपुर (निस)। लायंस सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स ने 15 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। क्लब अध्यक्ष लायन मंजू गुप्ता ने बताया कि हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर एवं हमारी पहचान है। इनका सम्मान व सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है। क्लब संरक्षक विनोद सिंघल ने कहा कि इस बार हमने अपने क्लब परिवार के बुजुर्गों को ही सम्मान के लिए चुना है यदि हम सबसे पहले अपने परिवार के बुजुर्गों का सम्मान करेंगे तभी समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी बुजुर्गों की चरण वंदना की गई तत्पश्चात शॉल, श्रीफल, सम्मान पत्र, ऊनी कैप, पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक नंद किशोर अग्रवाल एवं राज कुमार शर्मा ने सभी अथितियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रांत के पधाधिकारी राम कुमार गुप्ता, प्रीति सिंह उषा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

निः शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन

मेहंदीपुर बालाजी । आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी में स्थित एमकेपी चिकित्सालय में आज जयपुर के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल प्रियंका हॉस्पिटल एंड कॉरोडेक सेंटर वह मेहंदीपुर बालाजी घाटा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन आज 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। जिसमें ट्रस्ट की ओर से सभी रोगियों की निशुल्क दवाई वितरण भी होगी। यानी की चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली दवाइयां निशुल्क दी जाएगी। आपको बता दें कि डॉक्टर महंत नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में लगातार आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में जनहित के साथ-साथ सामाजिक कार्य व चिकित्सा क्षेत्र में कार्य, शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य किया जा रहे हैं ।जिससे कि लोगों का बालाजी में ही अच्छे डॉक्टर द्वारा इलाज मिल सके। इसलिए इस कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है।

प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह13 को

करौली (नि.स.)। बाबूलाल प्रजापति अध्यक्ष ढिढौरा,सचिव गंगाराम प्रजापत एवं कार्यक्रम संयोजक भगवान प्रजापति अध्यापक ने बताया कि दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के तत्वाधान एवं रामेश्वर ठेकेदार संरक्षक एवं छीतर लाल प्रजापति संयोजक के निर्देशन में दक्ष प्रजापति विकास संस्थान चैबीसा क्षेत्र सूरोठ महावीर जी ,हिंडौन,करौली द्वारा पांच जिलों करौली,गंगापुर सिटी, दौसा, भरतपुर, धौलपुर की प्रजापति प्रतिभाओं का 13 अक्टूबर रविवार को राउमावि ढिढौरा के खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम मे समाज की प्रतिभाएं सम्मानित होगी।

प्रजापति समाज की प्रतिभाएं जिन्होंने सत्र 2023_24 में कक्षा 10 एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा 80 प्रति'ात या अधिक , छात्राएं 75 प्रतिशत या अधिक अंकों से उत्तीर्ण की है,ग्रेजुएशन तथा पोस्ट ग्रेजुएशन 70 प्रतिशत या अधिक, छात्राएं 65 प्रतिशत या अधिक अंकों से उत्तीर्ण की हो,अन्य परीक्षा उत्तीर्ण बीएड ,बीएसटीसी उत्तीर्ण तथा अन्य प्रवेश परीक्षा जिनमे मेडिकल, इंजिनियरिंग, नेट,पीएचडी में सत्र 2023_24 व 2024_25 में चयन हुआ हो,नव चयनित कर्मचारी जिनका अक्तूबर 2022 या उसके बाद चयन हुआ हो,तथा अक्टूबर 2022 के बाद सेवानिवृत कर्मचारी सम्मानित किए जाएंगे।

प्रतिभाएं अपना पंजीकरण 7 अक्टूबर तक निर्धारित मोबाइल नम्बर 9772435113 ,9460278028, 9887050576, 8239620144, 9784613956 पर वाट्स एप कर के करा सकते है।

अग्रसेन जयन्ती महोत्सव में 85 अग्रवालों का किया सम्मान

भुसावर भरतपुर (निस)। स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन जयन्ती तीन दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत कल देर सांय द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में सामूहिक भोज के साथ सम्मान समारोह में 85 अग्रवालों का सम्मान किया गया और अग्रसेन शोभायात्रा के लिए घोडी की बोली कस्बा निवासी सचिन सिंघल द्वारा पचपन हजार रुपये में ली गयी। साथ ही कार्यक्रम में 21 अग्रवाल लकी ड्रॉ निकाले जाकर उन्हें उपहार वितरित किए गए। उपमंत्री अंशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन जयन्ती तीन दिवसीय महोत्सव के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम कस्बे के एक निजी मैरिज होम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाज के अध्यक्ष सुभाषचंद सिंघल, कोषाध्यक्ष प्रमोद सर्राफ, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मित्तल, मंत्री अमृत मित्तल एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा महाराजा अग्रसेन की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक भोज के साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में अग्रवाल समाज की ओर से भुसावर में विगत पचास वर्षो से व्यवसाय करने वाले 53 अग्रवाल बंधुओं को व्यापार जगत सम्मान से एवं समाज को भेंट की गई अग्रसेन की पीतलयुक्त प्रतिमा के लिए गीता देवी सिंघल को भामाशाह सम्मान से तथा अग्रवाल पार्षद मधु सिंघल व विवेक गर्ग एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष मित्तल व बृजेश जिन्दल को दुपटटा पहनाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा नवनियुक्त राजकीय कर्मचारी, प्रतिभावान विद्यार्थी, विशेष योग्यजन व भुसावर तहसील के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा में 90प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 27 अग्रवालों को भी दुपटटा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय अग्रवाल समाज की परम्परा के अनुसार अग्रसेन शोभायात्रा का घोडी पर सवार होकर अग्रज के रूप में मार्गदर्शन करने के लिए घोडी की बोली लगाई गई, जो इक्कीस रुपये से शुरू हुई और पचपन हजार रुपये में कस्बा निवासी सचिन सिंघल पुत्र सुनील सिंघल, लल्लू पान वाले द्वारा ली गई। इस अवसर पर बिटिया याशिका मित्तल द्वारा महाराजा अग्रसेन की पेन्टिग से तस्वीर बनाकर अग्रवाल समाज को भेंट किए जाने पर उसे भी दुपटटा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर पुरुष्कृत किया गया। कार्यक्रम में रौचकता लाने के लिये स्थानीय अग्रवाल समाज युवा समिति की ओर से पंकज गर्ग व विवेक गर्ग के नेतृत्व में स्थानीय अग्रवाल परिवारों में से 21 लकी ड्रॉ निकाले जाकर उन्हें विभिन्न उपहार वितरित किए गए। जिनमें विशिष्ट उपहार के रूप में प्रथम तीन स्थानों पर लकी रहे कस्बा निवासी वेद महेश नरहरपुर वाले को फ्रीज, त्रिलोकचंद गुप्ता को वशिंग मशीन व सतीश चंद गोयल को एल.ई.डी. भेंट की गयी। उपस्थित अग्रवाल बंधुओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद मनीष मित्तल ने किया तथा स्वागत मंत्री मोहित गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

10 साल बाद हुआ भाई-बहिन का मिलन

भरतपुर (निस)। अपना घर आश्रम में शनिवार को जब भाई-बहिन का 10 साल बाद अश्रुधारा मिलन हुआ तो सभी की आंखें छलछला आई। बहिन सियारानी ने कहा भाई के मिलने से सभी त्योहारों की खुशियां दोगुनी हो गई। क्योंकि उन्हें यह विश्वास ही नहीं था कि जीवन में कभी भाई से मिल पाऐगी। क्योंकि इनके परिजन दशरथ को मृत मानकर उनका पिण्डदान आदि सारे क्रिया कर्म कर चुके थे। यूपी के जिला बांदा, तहसील पवेरू, गांव अमलोहरा के निवासी दशरथ गांव से कुछ दूरी पर ईट भटटों पर मजदूरी का कार्य करते थे लेकिन कुछ समय बाद मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण 10 वर्ष पूर्व बिना बताये वहां से निकल गए। 15 सितम्बर को दशरथ को शुक्रताल से अपना घर आश्रम भरतपुर में सेवा एवं उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सेवा एवं उपचार के बाद दशरथ के स्वास्थ में सुधार हुआ तो इन्होंने अपना पता बताया और अपना घर आश्रम की पुर्नवास टीम द्वारा उनके घर का पता गांव अमलोहरा, जिला बांदा में उनके ग्राम प्रधान को यहां से सूचना भिजवाई तब उनके परिजनों को सूचना मिली। उनके परिजनों ने बताया कि दशरथ को काफी तलाशा गया लेकिन कहीं पता नहीं चला इसके बाद इनको मृत समझ कर मृत्यु उपरांत होने वाले सभी क्रिया कर्म परिजनों द्वारा किये गए। लेकिन अपना घर से कुछ दिन पहले दशरथ की सूचना इनके परिजनो को मिली तो परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। दशरथ के तीन बच्चे हैं जिनमें दो बेटे व एक बेटी है। वहीं इनमें से छोटे बेटे की बीमारी के कारण मृत्यु हो चुकी है। एक बेटा और बेटी को लेकर इनकी पत्नि इनके छोटे भाई के साथ रहती है। दशरथ के दोनों हाथों के पंजे कटे हुए हैं। बहिन सियारानी बहनोई कमल ने बताया कि भट्टे पर काम करते समय दशरथ के दोनों हाथ सही थे। लेकिन मानसिक अस्वस्थता के कारण निकलने के बाद किसी दुर्घटना में उनके दोनों हाथों के पंजे अलग हो गये। बहिन सियारानी ने बताया कि अब घर पहुंचकर अपनी मां के साथ जीवन यापन करेंगे क्योंकि इनके परिजनों ने बताया कि पत्नि ने रखने से साफ इनकार कर दिया है। अपना घर की पुर्नवास प्रक्रिया पूर्ण कर दशरथ अपनी बहिन सियारानी के साथ बांदा, यूपी चले गए।

भव्य स्वागत एवं अभिनंदन जायेगा

गंगापुर सिटी । भाजपा शहर मण्डल कार्यकर्ता आज रविवार को कोटा से दिल्ली जाते समय गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर सुबह साढे 8 बजे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत करेंगे। भाजपा शहर मण्डल महामंत्री मिथलेश व्यास ने बताया कि समस्त भाजपा कार्यकर्ता, पूर्व एवं वर्तमान जिला पदाधिकारी, शहर मण्डल के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, मोर्चा व जिला एवं मण्डल पदाधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, सभापति एवं पूर्व सभापति, प्रधान एवं पूर्व प्रधान से आग्रह किया है कि सभी 6 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे रेलवे स्टेशन गंगापुर सिटी पर कोटा से दिल्ली जाते समय लोक सभा अध्यक्ष एवं कोटा सांसद ओम विरला के स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे।

सिलेण्डर फटने से अग्निवीर की मौत

भरतपुर (निस)। सेवर थाना क्षेत्र में आग बुझाने की मॉक ड्रिल करते समय अग्निशमन का सिलेण्डर फटने से 24 वर्षीय एक अग्निवीर की मौत हो गई। जिस पर सेवर थाना पुलिस ने जवान के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सेवर थाना के एएसआई विजय कुमार ने बताया कि भरतपुर में ट्रेनिंग केंप के दौरान मॉक ड्रिल के दौरान जवान सौरभ ने आग बुझाने की प्रेक्टिस के समय सिलेण्डर को जमीन पर पटका इसी के साथ तेज धमाके के साथ सिलेण्डर फट गया। सिलेण्डर के टुकडे जवान के सीने में लगे। जिस पर सेना के अधिकारी और साथी जवान घायल जवान को इलाज के लिए पास ही स्थित जिन्दल अस्पताल ले गए। घटना की सूचना जवान के पिता को दी गई। जहां इलाज के दौरान सौरभ की मौत हो गई। जिस पर जवान के शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मौर्चरी में रखवाया गया। जहां पिता व अन्य परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। एएसआई विजय कुमार ने बताया कि भरतपुर के गोलपुरा आर्मी क्षेत्र के फील्ड में 103एडी आर्मी बटालियन कल दोपहर को आग बुझाने की मॉक ड्रिल कर रही थी। इस दौरान यूपी के कन्नौज निवासी सौरभ पाल का अग्निशमन सिलेण्डर के पीछे का हिस्सा फट गया। सौरभ 26 अगस्त 2023 को अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती हुए थे।

तहसीलदार की गाड़ी कुर्क कर पुलिस को सौंपी

बयाना भरतपुर (निस)। मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.-1) बयाना के कुर्की वारंट की पालना में न्यायालय के सहायक नाजिर राम अवतार गुप्ता ने बयाना तहसीलदार की सरकारी गाड़ी को कुर्क कर पुलिस कस्टडी में सौंपा है। बताया गया है कि गत 17 नवंबर 2007 को थाना बयाना के गांव बमूरी निवासी बनयसिंह की बाइक में एक डग्गेमार बुग्घी ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसका एक पैर कट गया था। इस पर पीड़ित ने एमएसीटी एंड एडीजे कोर्ट बयाना में क्लेम याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने गत 24 अगस्त 2012 को 4.50 लाख रुपए का अवार्ड पारित किया था। जिसमें टक्कर मारने वाले डग्गेमार वाहन किसान बुग्घी को अवैध माना और सड़क पर उसके परिवहन को नहीं रोकने के लिए कलेक्टर व जिला परिवहन अधिकारी को जिम्मेदार माना। इस पर अवार्ड राशि की एक तिहाई राशि भरतपुर कलेक्टर व जिला परिवहन अधिकारी, भरतपुर के द्वारा पीड़ित को अदा करने के आदेश पारित किये थे। जिसकी पालना कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नहीं किए जाने पर पीड़ित ने इस राशि की वसूली के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई। जिस पर न्यायाधीश सोनाली प्रशांत शर्मा ने उक्त दोनों विभागों के प्रतिनिधि तहसीलदार बयाना को अवार्ड की एक तिहाई राशि 1.50 लाख रुपए जमा कराने के निर्देश दिए। लेकिन फिर भी यह राशि जमा नहीं कराये जाने पर बयाना तहसीलदार की सरकारी गाड़ी की कुर्की कर वसूली के आदेश दिए गए। जिस पर शनिवार को न्यायालय के सहायक नाजिर राम अवतार गुप्ता, व सहायक कर्मचारी सिरमोहर मीना ने तहसीलदार की गाड़ी को कुर्क कर पुलिस कस्टडी में सौंप दिया है। गौरतलब है कि इसी मामले में 12 दिसंबर 2023 को भी तहसीलदार की गाड़ी को कुर्क किया गया था। लेकिन 9 दिन तक गाड़ी कुर्क रहने के बाद तहसीलदार द्वारा एक माह में अवार्ड राशि अदा करने की अंडरटेकिंग देने पर गाड़ी को छोड़ दिया गया था। लेकिन 9 माह बाद अवार्ड राशि जमा नहीं कराने पर अब कोर्ट ने फिर से यह कुर्की वारंट जारी किया है।

कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर (निस)। कृष्णा नगर प्रखण्ड के पुष्पवाटिका कॉलोनी में मंदिर पर दुर्गाष्टमी कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड मातृ शक्ति संयोजिका दया मित्तल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मातृ शक्ति की जिला संयोजिका सुमन रावत रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षा दया मित्तल ने दुर्गा पूजन का महत्व बताया एवं रानी लक्ष्मीबाई के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डाला।

श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला के शुभारंभ की दी जानकारी

भरतपुर (निस)। राजस्थान के प्रवेश द्वार के नाम से प्रसिद्व भरतपुर शहर मे प्रतिवर्ष विजयदशमी के पर्व पर आयोजित श्री जसवंत प्रदर्षनी एवं पशु मेला भरतपुर का शुभारंभ भरतपुर रियासत के तत्कालीन शासक महाराजा किशनसिहं द्वारा अपने दादा महाराजा जसवंत सिहं की स्मृति में अक्टूबर 1920 से किया गया था। राजस्थान स्टेट कैटल फेयर एक्ट 1963 के तहत प्रतिवर्ष इस मेले का आयोजन आश्विन शुक्ल पंचमी से आश्विन शुक्ल चर्तुदर्शी तक किया जाता है। इस वर्ष मेले का आयोजन 8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है तथा मेला चौकी की स्थापना 23 सितम्बर से की जा चुकी है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेषक व मेला अधिकारी डॉ खुशीराम मीना ने बताया कि इस वर्ष मेले मे सास्कृतिक कार्यक्रमों में पशु प्रतियोगिताएं 8 से 9 अक्टूबर तक, भजन जिकडी 10 अक्टूबर को, नोटंकी 11 अक्टूबर, ढोला गायन 13 अक्टूबर को तथा राष्ट्रीय स्तर का विषाल कुश्ती दगंल 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक, रावण दहन 12 अक्टूबर को व सांस्कृतिक संध्या 14 अक्टूबर, क्षेत्रीय कवि सम्मेलन 15 अक्टूबर, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 16 अक्टूबर को आयोजित किये जायेगें। मेले में इस बार झूला, सर्कस, मौत का कुआं, ब्रैक डांस, ड्रैगन, नाव, जादू आदि मनोरंजन के साधन होगें, जिससे मेले में आने वाले दर्शक इनका आनन्द उठा सकेगें। मेले में इस बार सीसीटीवी कैमरों से जेब कतरों एवं मेले में आने वाले असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जायेगी। मेले में इस बार सांस्कृतिक संध्या में नगर विकास न्यास भरतपुर द्वारा विशेष म्यूजिकल प्रोग्राम सांय 7 बजे से 9 बजे तक करवाये जायेगें। क्षेत्रीय कवि सम्मेलन में 25 कवि, व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में 10 कवि भाग लेगें। साथ ही इस बार दशहरा पर रावण के पुतले के अलावा मेघनाद व कुम्भ